नाशिक | Friday, 25 September 2026

# एक छत के नीचे होंगे भारत-पाक के रक्षा मंत्री और NSA, ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली आमने-सामने की बैठक।

Publisher

Published on 25 Jun 2025



## 25-26 जून को चीन के किंगदाओ मे होंगी SCO बैठक, भारत आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को घेर सकता है।

**नई दिल्ली, 25 जून 2025:** भारत और पाकिस्तान के बीच **तनावपूर्ण संबंधों** के बीच एक बड़ी **राजनयिक बैठक** होने जा रही है। **25 और 26 जून** को चीन के **किंगदाओ शहर मे शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (SCO)** की अहम बैठक का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें **भारत, पाकिस्तान, रूस, चीन, ईरान** और **अन्य सदस्य देशों के रक्षा मंत्री** और **राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) शामिल होंगे**।

यह बैठक इसलिए भी खास है क्योंकि **ऑपरेशन सिंदूर** के बाद पहली बार **भारत** और **पाकिस्तान के रक्षा मंत्री** और **एनएसए** आमने-सामने होंगे। भारत की ओर से **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** और **एनएसए अजीत डोभाल** बैठक में हिस्सा ले रहे हैं, वहीं पाकिस्तान की ओर से **रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ** और **एनएसए आसिम मलिक** शामिल होंगे।

**अजीत डोभाल** पहले ही चीन पहुंच चुके हैं और सोमवार को उन्होंने **चीनी विदेश मंत्री वांग यी** से मुलाकात भी की है।

**भारत उठा सकता है आतंकवाद का मुद्दा**
सूत्रों के अनुसार **भारत SCO बैठक** में **आतंकवाद का मुद्दा प्रमुखता** से उठा सकता है। यह बैठक भारत के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है जहाँ वह पाकिस्तान की धरती से संचालित हो रहे आतंकी संगठनों जैसे **लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिज्बुल मुजाहिदीन** के बारे में सदस्य देशों को जागरूक कर सकता है।

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर पोस्ट कर कहा: "SCO बैठक में विभिन्न देशों के रक्षा मंत्रियों से वैश्विक शांति, सुरक्षा और आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त प्रयासों पर चर्चा करूंगा।"

### भारत-पाक के बीच द्विपक्षीय बैठक की संभावना नहीं

हालांकि **SCO बैठक** से इतर **भारत रूस, चीन** और अन्य देशों के प्रतिनिधियों से द्विपक्षीय बैठक कर सकता है, लेकिन पाकिस्तान के साथ ऐसी किसी बैठक की संभावना नहीं है। भारत पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि जब तक **पाकिस्तान आतंकवाद** और **POK** पर बात नहीं करता, तब तक किसी और मुद्दे पर बातचीत संभव नहीं है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, और विदेश मंत्री एस. जयशंकर** कई बार कह चुके हैं कि "व्यापार और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते।" भारत का रुख साफ है—पाकिस्तान को **आतंकवाद** पर एक्शन लेना होगा और **POK खाली** करना होगा।

### एससीओ का इतिहास और भारत की भूमिका

**SCO की स्थापना 2001** में हुई थी और **भारत 2017** में इसका सदस्य बना। **2023 मे एंससीओ बैठक नई दिल्ली मे हुंई थी**, जिसमें पाकिस्तान के **रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ** वर्चुअल रूप से शामिल हुए थे। **SCO के सदस्य देशों मे भारत, पाकिस्तान, चीन, रूस, किर्गीस्तान, तजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान, ईरान और बेलारूस शामिल** हैं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.